|| इंसाफ की डगर पे बच्चों दिखाओ चल के देशभक्ति गीत ||

Chalisamantras.com

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के,
ये देश है तुम्हारा,
नेता तुम्हीं हो कल के ।

दुनिया के रंज सहना और
कुछ ना मुँह से कहना,
सच्चाईयों के बल पे,
आगे को बढ़ते रहना,
रख दोगे एक दिन तुम,
संसार को बदल के ।

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के ।

अपने हों या पराए,
सब के लिए हो न्याय,
देखो कदम तुम्हारा,
हरगिज़ ना डगमगाए,
रस्ते बड़े कठिन हैं,
चलना संभल संभल के ।

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के ।

इन्सानियत के सर पे,
इज़्ज़त का ताज रखना,
तन मन की भेंट देकर,
भारत की लाज रखना,

Chalisamantras.com

जीवन नया मिलेगा,
अंतिम चिता में जल के ।

इंसाफ की डगर पे,
बच्चों दिखाओ चल के ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com